# प्रकृति का संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली :** संस्कृति मंत्रालय ने संकल्प दिवस के रूप में प्रकृति के त्योहार को लगभग 15 दिनों तक मनाया है और करीब 13 हजार पौधों का रोपण किया। हमारे लिए यह कोई कार्यक्रम नहीं बल्कि नैतिक जिम्मेदारी और कर्तव्य है। हमारे परिवार में जितने लोग हैं अगर वे सभी एक-एक पौधा लगाएं और उनकी देखरेख करें तो प्रकृति समृद्ध हो जाएगी। यह बातें रवींद्र भवन परिसर में पौधारोपण करते हुए केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कही।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि यदि हम प्रकृति के प्रति अपना कर्तव्य और कर्ज महसूस करते हुए प्रकृति का संरक्षण कर सकें तो आने वाली पीढ़ी के लिए एक पोषक वातावरण दे सकते हैं। इस अवसर पर वट, आंवला, जामुन, नीम समेत करीब 50 औषधीय व फलदार पौधे लगाए गए। यह पौधे पर्यावरण व स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी है। इस मौके पर संस्कृति मंत्रालय के सचिव आनंद कुमार, संयुक्त सचिव निरुपमा कोतरू, साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवासराव, ललित कला अकादमी के सचिव रवींद्र कुमार खंडूजा, संगीत नाटक अकादमी की सचिव रीटा स्वामी चौधरी समेत संस्कृति मंत्रालय के अधिकारी व तीनों अकादमियों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।



जामुन का पौधा रोपित कर उसे पानी देते केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ( बाएं से तीसरे ) ●सौ: सा.अकादमी

यह और दिल्ली की अन्य खबरें >>
www.jagran.com पर पढ़ें